an>

Title: Need to establish a Kendriya Vidyalaya in Kherwara Tehsil headquarters of Udaipur district, Rajasthan.

श्री अर्जुन लाल मीणा (उदयपुर): मेरा लोकसभा क्षेत्र उदयपुर दक्षिणी राजस्थान का संभाग मुख्यालय है। यह जनजाति बाहुल्य वाला क्षेत्र है और इस संभाग के अंतर्गत 6 जिले आते हैं जिसमें उदयपुर, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, प्रतापगढ़, चित्तौड़गढ़ एवं राजसमन्द प्रमुख हैं। इस संभाग में 70 प्रतिशत से 75 प्रतिशत जनसंख्या अनुसूचित जाति-जनजाति की है। यह क्षेत्र भारत सरकार द्वारा शैड्यूल्ड-v (T.S.P.) Area घोषित है।

मैं भारत सरकार को अवगत कराता हूं कि उदयपुर, राजस्थान के तहसील मुख्यालय खेरवाड़ा में कई सरकारी कार्यालय, पुलिस ट्रेनिंग सेंटर, मेवाड़ भील कोर बटालियन एवं कई पूर्व सैनिकों के परिवार निवासरत हैं। यहां के सरकारी कर्मचारियों और निवासरत आमजन के बच्चों को अच्छी स्कूली शिक्षा दिलाने के लिए छोटे बच्चों को घर से दूर शहरों में भेजते हैं, जिससे उनको काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

अतः मैं सरकार से आग्रह करता हूं कि उदयपुर के संभाग में खैरवाड़ा तहसील मुख्यालय पर एक केन्द्रीय विद्यालय खोलने की कृपा करें जिससे अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग के लोगों के बच्चों को अच्छी गुणवत्ता उक्त स्कूली शिक्षा प्राप्त हो सके।